उपलब्धि. आइआइएम रांची में सम्मान समारोह, स्किल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित

55 अभ्यर्थियों ने महात्मा गांधी नेशनल फेलोशिप पूरी की

लाइफ रिपोर्टर @ रांची



आइआइएम रांची में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें संस्था की ओर से संचालित महात्मा गांधी नेशनल फेलोशिप से जुड़े 55 अभ्यर्थी शामिल हुए. इस मौके पर निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने नेशनल फेलोशिप पूरी करने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि प्रबंधन संस्थान का दायित्व सामाजिक उत्थान में सहयोग करना है. इसे ध्यान में रखकर ही महात्मा गांधी नेशनल फेलोशिप की शुरुआत की गयी थी. इसमें झारखंड और तमिलनाडु के 61 अभ्यर्थी शामिल हुए. जिन्हें राज्य के विभिन्न जिलों के परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में प्रशिक्षण और नेतृत्वकर्ता कौशल की जानकारी दी गयी. दो वर्ष तक चले कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न दलों में बंटकर राज्य की स्थानीय लोक-संस्कृति और पारंपरिक रोजगार व्यवस्था को बढ़ावा देने का काम किया. इस दौरान ग्रामीण इलाके के लोगों की जीविका को बढ़ावा देने की पहल की गयी. फेलोशिप से जुड़े अभ्यर्थियों ने प्रबंधन कौशल, पब्लिक पॉलिसी, डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट की जानकारी हासिल की और ग्रामीणों के रोजगार को बढ़ाने में नैतिक कदम उठाये. समय के साथ राज्य के टेराकोटा, बांब हस्तशिल्प, चित्रकला, बुनकर व लाह से निर्मित उपक्रम तैयार करने वाले शिल्पकारों को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार हासिल करने में सफलता मिली. इससे ग्रामीण हस्तशिल्प कर्मियों का आर्थिक विकास हो रहा है. आयोजन से वर्चुअल मोड पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड इंटरप्रन्योरशिप के सचिव अतुल कुमार तिवारी, उच्च शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति, मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड इंटरप्रन्योरशिप के आर्थिक सलाहकार नीलांबुज शरण ने शामिल होकर अभ्यर्थियों को स्किल इंडिया को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी.

Prabhat Khabar, 01.11.2023, Pg.6